उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष
पावर हाउस रोड़
जयपुर–302006

पत्र संख्या 740ई / रेभक / स्काउट एण्ड गाइड / 2023–24 दिनांक 10.04.2024

महत्वपूर्ण सूचना – रोजगार सूचना संख्या 06 / 2023

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2023–24 के लिए स्काउट एवं गाइड कोटे के अन्तर्गत लेवल–1 एवं लेवल–2 के पदों पर भर्ती हेतु रोजगार सूचना संख्या 06 / 2023 दिनांक 14.12.2023 के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए। उक्त भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) एवं निबंधात्मक परीक्षा का आयोजन दिनांक 22.03.2024 को जयपुर शहर में किया गया ।

उक्त परीक्षा के प्रश्नों एवं उत्तर कुंजी पर सर्वसंबंधित अभ्यार्थियों से ऑनलाइन आधार पर आपत्तियां मांगी गई, जिसमें ऑनलाइन आधार पर प्राप्त आपत्तियों को समीक्षा हेतु भेजा गया, प्रमाणीकरण आधार पर समीक्षा उपरान्त **लेवल–2** के प्रश्न पत्र एवं उत्तर कुंजी के विरूद्ध ऑनलाइन आधार पर प्राप्त आपत्तियों में से निम्न 03 प्रश्नों पर आपत्ति सही पाई गई, जिनकी **प्रमाणीकरण आधार पर समीक्षा उपरान्त तीनों के विकल्प गलत होने के कारण निम्न तीन प्रश्नों को प्रश्न पत्र से हटाया जाता है।**

प्रश्न सं. 1: भारत स्काउट एवं गाइड के पहले मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त कौन थे ?
प्रश्न सं. 3: भारत के पहले मुख्य स्काउट के रूप में किसने सेवा की ?
प्रश्न सं. 6: भारत स्काउट्स एवं गाइड्स आंदोलन कब हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स एसोसिएशन के साथ विलय हुआ ?

उपरोक्तानुसार लेवल–2 के प्रश्न पत्र एवं उत्तर कुंजी पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण उक्तानुसार किया जाकर, तदानुसार परिणाम तैयार किया गया है।

सर्व संबंधित के सूचनार्थ।

अध्यक्ष,
रेलवे भर्ती कक्ष